आइआइएम, रांची के स्थापना दिवस में शामिल हुए प्रणब मुखर्जी

आइआइएम (रांची) के 10वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा कि आज उच्च शिक्षण संस्थानों को रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शिक्षक की आवश्यकता है. आर्यभट्ट सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का जीडीपी बढ़ा है फिर भी वर्ष 1930 के बाद हमने कोई नोबेल पुरस्कार नहीं जीता. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा : भ्रष्टाचार और दुर्बलता को छोड़ दो. हमेशा भला सोचो, भला करो और जो कुछ सीखा है उसका अभ्यास भी करो. इस मौके पर प्रणब मुखर्जी ने आइआइएम रांची की नयी बिल्डिंग के मॉडल का निरीक्षण किया.

●लाइफ@रांची भी देखें

Prabhat Khabar, 16.12.18, Pg. 10